अस्ताचलगामी सूर्य को आज नमन करेंगे खगड़ियावासी





खगड़िया (आससे)। पूरा जिला छठ मैया की आराधना में जुटा है. घरों से लेकर छठ घाटों तक 'केलवा के पात पर उगले सूरज देव' जैसे छठ मैया के गीत गुंजायमान हो रहे हैं. शनिवार को खरना का अनुष्ठान समाप्त होने के बाद आज अस्ताचल गामी सूर्य को अर्ध्य दिए जाने की तैयारी में लोग जुटे हैं.छठ महापर्व के अवसर पर जिलाधिकारी विक्रम विरकर एवं पुलिस अधीक्षक खगड़िया शैलेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को खगड़िया रेलवे स्टेशन एवं प्रमुख छठ

घाटों पर सुरक्षा और सुविधा को लेकर जिला प्रशासन चौकस

घाटों का निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों का जायजा लिया । छठ पर्व के पावन माहौल को बनाये रखने के लिए स्टेशन परिसर पर छठ गीत बजाए जा रहे हैं, ताकि खगड़िया पहुंचने वाले प्रवासियों को छठ का माहौल महसूस हो । जिलाधिकारी ने कहा है कि बाहर से आने वाले किसी भी यात्री को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

जिलाधिकारी ने नदी से सटे कई छठ घाटों का एसडीआरएफ के बोट से निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छठ घाटों पर बैरिकेडिंग के संबंध में विशेष निर्देश दिए. जिलाधिकारी ने सभी घाटों पर चेंजिंग रूम, पर्याप्त एवं समुचित लाइटिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने एनडीआरएफ / एसडीआरएफ की टीमों, गोताखोरों एवं नाविकों की तैनाती की भी समीक्षा की. श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर सभापति अर्चना कुमारी ने भी शुक्रवार को नगर परिषद खगड़िया क्षेत्र अंतर्गत सभी 45 छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिए जाने के क्रम में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल और श्रद्धालुओं के लिए की जा रही अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। नगर सभापति ने कहा है कि छठ महापर्व के दौरान किसी भी व्रती या श्रद्धालु को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में परेशानी नहीं होनी चाहिए। नगर सभापति ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र के सभी 45 छठ घाटों पर अलग-अलग आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के लिए लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही

नगर परिषद क्षेत्र के सभी 45 घाटों का नगर सभापति ने किया निरीक्षण

श्रद्धालुओं के बैठने और पूजा-अर्चना के दौरान सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंडाल लगाए गए हैं। व्रतियों की निजता और सुविधा के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई है। भीड़ को व्यवस्थित रखने और लोगों की आवाजाही को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। नगर परिषद की ओर से सभी घाटों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं. नगर सभापति ने कहा कि छठ व्रतियों की सुविधा को ध्यान में रखकर हर आवश्यक व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि व्रतियों को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो और वे पूरी श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर सकें। नगर परिषद की ओर से सभी छठ घाटों पर स्वच्छता तथा वातावरण को साफ-सुथरा बनाने के लिए सफाई के साथ ही चूना और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी कराया जा रहा है, ताकि स्वच्छता बनी रहे और दुर्गंध तथा गंदगी की समस्या से बचा जा सके। नगर सभापति ने सफाई कर्मियों और संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया है कि छठ महापर्व के दौरान सफाई व्यवस्था लगातार बनी रहनी चाहिए. नगर सभापति अर्चना कुमारी ने नगर परिषद क्षेत्र समेत जिले वासियों को महापर्व छठ कि शुभकामनायें देते हुए कहा कि छठ महापर्व बिहार की संस्कृति, परंपरा और लोक आस्था का प्रतीक है। इस महापर्व में लोग पूरी श्रद्धा और पवित्रता के साथ भगवान सूर्य और छठी मईया की आराधना करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से छठ महापर्व को श्रद्धा, स्वच्छता और आपसी सहयोग के साथ मनाने की अपील की है।

छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन ने जारी किया संयुक्तादेश

343 स्थलों पर रहेगी दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति

खगड़िया (आससे) । महापर्व छठ के शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित आयोजन को लेकर जारी जिला संयुक्तादेश के तहत जिले के कुल 343 स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति 13 नवंबर से 16 नवंबर तक के लिए की गई है। पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले के प्रमुख छठ घाटों एवं संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारियों, पुलिस बल तथा अन्य आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा छठ महापर्व के सफल एवं शांतिपूर्ण तरीके से आयोजन को लेकर को लेकर सख्त निर्देश जारी कर खगड़िया और गोगरी के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को सभी घाटों पर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं. संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि खतरनाक घाटों को चिन्हित कर वहां लाल कपड़े से घेराबंदी किया जाए और व्रतियों से सुरक्षित घाटों पर ही अर्घ्य देने का अनुरोध किया जाए.अफवाहों को रोकने एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने और महत्वपूर्ण स्थानों पर चिकित्सा दल, एम्बुलेंस, आवश्यक दवाइयों एवं अग्निशमन वाहन की व्यवस्था का भी निर्देश दिया गया है ।

घाटों के समीप उक्त अवधि में पटाखों की बिक्री एवं चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध के साथ साथ निजी नावों के परिचालन एवं तैराकी पर भी पर भी रोक लगाई गई है।

जिलाधिकारी ने कहा है किसी भी परिस्थिति में भीषण जाम कि समस्या उत्पन्न ना हो, इस बात पर निगरानी रखी जाए । सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी , अंचलाधिकारी एव थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है कि अपने क्षेत्र अंतर्गत भ्रमणशील रहकर पूरे विधि व्यस्था पर कंट्रोल रखना सुनिश्चित करेंगे । जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी छठव्रतियों, श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों से अपील किया है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें तथा छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं।

छठ को ले बाजारों में खरीदारी के लिए उमड़ी लोगों की भीड़

सिमरी बख्तियारपुर (आससे) । लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर बाजार में सामानों की खरीदारी को लेकर लोगों की भीड़ शुरू हो गयी है. छठ पूजा को लेकर फलों की आवक तेज हो गयी है वहीं दाम में वृद्धि हो गयी है. इसके साथ सभी पूजन अनुष्ठान के सामान बाजार में सजने लगे हैं. छठ पूजा को लेकर बाजार में सूप डाला, पूजा सामग्री, नारियल आदि की डिमांड बढ़ गई है. मंगलवार को नहाय-खाय कद्दू-भात के साथ चार दिवसीय महापर्व की शुरुआत हो गई. खरना व गुरुवार को भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य तथा शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा. छठ पूजा को लेकर पूरे शहर में छठ मइया के गीत सुनायी देने लगे हैं. छठ पूजा में आस्था का विशेष ध्यान रखा जाता है. छठ घाटों की सफाई के साथ सजावट का काम युद्धस्तर पर चल रहा है. छठ को लेकर विभिन्न समितियों द्वारा गली मोहल्लों को सजाने का काम किया जा रहा है. शहर के भट्ठा बाजार, खुशकीबाग, हरदा और आस पास के बाजारों में सूप की फुटपाथी दुकानों पर लोग खरीदारी तेज हो गई है. शहर के चौक-चौराहों पर भी सूप और दउरा का बाजार आबाद हो गया है जहां खरीददारों की भीड़ सुबह से शाम तक जुट रही है. बाजार में खरीदारी करने वाले छठ व्रतियों की भीड़ लगी है. सामग्रियों की कीमतों में बढ़ोतरी होने के बावजूद खरीदारी जोर-शोर से चल रही है. टोकरी, सूप, नारियल, संतरा, नींबू, आंवला, गाजर शकरकंद, अनानास, नाशपाती, अमरूद और केला सहित कई अन्य फलों की जरूरत होती है. इसके अलावा माला, आरत का पत्ता, दीया-बाती और अगरबत्ती की खरीदारी की जा रही है।

दिल्ली में निर्माणाधीन इमारत हादसे में बेलदौर के 5 मृतक श्रमिकों के आश्रित परिवार को कराया गया 4 लाख अनुदान राशि उपलब्ध

खगड़िया (आससे) । दिल्ली के दरियागंज स्थित अजमेरी गेट-चावड़ी बाजार इलाके में एक निर्माणाधीन पांच मंजिला इमारत में छत ढलाई के दौरान हुए हादसे में खगड़िया जिले के बेलदौर प्रखंड अंतर्गत बोबिल पंचायत के पाँच श्रमिकों की असामयिक मृत्यु हो गई। इन मृतकों में हनुमान नगर वार्ड संख्या 4 निवासी संजीत राम (35 वर्ष), संदुन मुखिया (22 वर्ष), बिपिन राम (40 वर्ष), दिनेश साह (50 वर्ष) एवं बेसी बासा वार्ड संख्या 2 निवासी पंकज शर्मा (43 वर्ष) शामिल हैं।

इन प्रभावित परिवारों को जिला प्रशासन एवं बिहार सरकार ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस, दिल्ली की संबंधित एजेंसियों तथा बिहार भवन, नई दिल्ली के स्थानिक आयुक्त से लगातार समन्वय स्थापित किए जाने के फलस्वरूप मलबे से शवों को शीघ्र निकाला गया और प्राथमिकी एवं पोस्टमार्टम की प्रक्रिया त्वरित रूप से पूर्ण कराई गई। नियोजक के माध्यम से वाहन एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई, ताकि परिजन दिल्ली पहुँच सकें और पार्थिव शरीरों को सम्मानपूर्वक अपने पैतृक गाँव ला सके। गाँव में मृतकों का दाह संस्कार भी प्रशासन की देखरेख में सुनिश्चित कराया गया। जिला प्रशासन द्वारा बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के अंतर्गत आवेदन से स्वीकृति तक की प्रक्रिया को प्राथमिकता देकर तेजी से पूरा कराये जाने के बाद प्रत्येक मृतक के आश्रितों को 4 लाख की अनुदान राशि उपलब्ध करा दी गई है। इसके अलावे बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन, नियोजक तथा दिल्ली सरकार से स्थापित नियमों और मानवीय आधार पर मृत्यु लाभ एवं क्षतिपूर्ति दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने कहा है कि दुःख की इस घड़ी में जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता से साथ खड़ा है।

बिहार सरकार

बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, नेहरू मार्ग, पटना

निविदा सूचना संख्या– 02/2026-27/पी0पी0ओ0

1.	विभाग का नाम:–	पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना।
2.	विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता:–	पुलिस अधीक्षक (वित्तु), बिहार, पटना। बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, सरदार पटेल भवन 'ई' ब्लॉक, छठी मंजिल, कमरा नम्बर–612, नेहरू मार्ग, पटना।
3.	निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समय:–	निविदा प्रकाशित होने की तिथि से किसी कार्य दिवस में दिनांक– 03.12.2026 के 15:00. बजे तक।
4.	निविदा के तकनीकी भाग को खोलने की तिथि:–	दिनांक–03.12.2026 को 16:00 बजे।
5.	निविदा समर्पित करने का स्थान:–	बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, सरदार पटेल भवन 'ई' ब्लॉक, छठी मंजिल, कमरा नम्बर–612, नेहरू मार्ग, पटना।
6.	अनुमानित राशि	रू/–8,00,000 (आठ लाख) से ऊपर।
7.	मद का नाम:–	20 अदद POWER SUPPLY CUM BATTERY BACKUP (SMPS WITH 100 AHC LI-ION BATTERY). वांछित Specification PPO शाखा, बि0पु0रे0, D/603, सरदार पटेल भवन, बेली रोड, पटना से कार्यालय दिवस में निविदा समर्पित करने कि अंतिम तिथि से एक दिन पूर्व तक प्राप्त की जा सकती है।

इस विज्ञापन सूचना को बिहार पुलिस विभाग के वेबसाईट https://police.bihar.gov.in/en/Tender पर देखा जा सकता है।

पुलिस अधीक्षक (वित्तु), बिहार, पटना

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No.015370 (Police) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पटना

गुमशुदा व्यक्ति की विवरणी



01.	कांड सं0	:– बुद्धा कॉलोनी थाना कांड सं0–516/26 दि0–27.08.26 धारा–137(2)/बी0एन0एस0
02.	जिला	:– पटना
03.	थाना का नाम	बुद्धा कॉलोनी
04.	लापता की तिथि	:– 26.08.2026
05.	लापता का स्थान	:– दुजरा बुद्धा कॉलोनी
06.	सूचिना प्राप्ति की तिथि	:– 27.08.26
07.	लिंग/उम्र	:– महिला/36 वर्ष लगभग
08.	धर्म	:– हिन्दु
09.	भाषा	:– हिन्दी, स्थानीय
10.	शरीर का बनावट	:– दुबला पतला
11.	रंग	:– गोरा
12.	उंचाई	:– 5 फीट लम्बाई
13.	पहचान चिन्ह	:–
14.	लापता का पहनावा	:– साड़ी पहनी हुई है।

15. लापता का नाम/ पता :– रूपा देवी उम्र लगभग 36 वर्ष पति–शिवकांत सिंह सा0–बरियारपुर पे0–बरियारपुर थाना–बरियारपुर, जिला–मुजफ्फरपुर वर्तमान पता–दुजरा मस्जिद के पीछे संतोष शर्मा के मकान में किरायेदार बुद्ध कॉलोनी पटना।

16. कांड की विवरणी :– यह कांड वादी शिवकांत सिंह पे0–स्व0 शत्रुघन सिंह वर्तमान पता–दुजरा बुद्धा कॉलोनी पटना संतोष शर्मा के मकान में रहकर टाइल्स का कत्ता है जो मूल रूप से ग्राम+पो0–बरियारपुर थाना–बरियारपुर जिला–मुजफ्फरपुर 843102 का स्थायी निवासी है। इनकी पत्नी रूपा देवी उम्र 36 वर्ष दिनांक–26.08.2026 को शाम 07:30 बजे दवाई लाने जा रहे है बोलकर गई और वापस नहीं आई के संबंध में कांड दर्ज किया गया है।

17. विशिष्टता :–

18. गुमशुदा के परिवार का पता – शिवकांत सिंह पे0–स्व0 शत्रुघन सिंह ग्राम+पो0–बरियारपुर थाना–बरियारपुर जिला–मुजफ्फरपुर वर्तमान पता–दुजरा मस्जिद के पीछे संतोष शर्मा के मकान में किरायेदार बुद्ध कॉलोनी पटना।

PR-015383 (Police) 2026-27

वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

फरकिया दियारा के मध्य विद्यालय रैठी में धूमधाम से मना दिवस

सिमरी बख्तियारपुर (आससे) । सलखुआ प्रखंड के पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर फरकिया दियारा में संकुल समन्वयक सह प्रखंड अध्यक्ष बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ सलखुआ के सुदर्शन कुमार गौतम के नेतृत्व में मध्य विद्यालय रैठी में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर बाल दिवस मनाया गया। संकुल समन्वयक सुदर्शन कुमार गौतम ने छात्र छात्राओं के साथ मिलकर पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के तैलिय चित्र पर माल्यार्पण कर एवं केक काटकर उनके जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया और उन्हें याद किया। संकुल समन्वयक श्री गौतम ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि चाचा नेहरू बच्चों से बहुत ही ज्यादा प्यार करते थे, और बच्चों से बहुत ही ज्यादा लगाव रखते थें। वें बच्चों के बहुत ही हितैषी थें,आज हम लोग शपथ लेते हैं कि चाचा नेहरू के बताए गए मार्ग पर मेरे प्यारे बच्चों आप लोगों को चलना है। शिक्षक नेता सुदर्शन गौतम के द्वारा छात्राओं के बीच केक, टॉफी और मिठाइयां भी बांटी गई। विद्यालय में बहुत ही खुशहाल माहौल था।



सामाजिक कार्यकर्ता ध्यानी ने लिया विभिन्न घाटों का जायजा

मधेपुरा (आससे) । लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का ध्यानी यादव, पूर्व पार्षद सह सामाजिक कार्यकर्ता ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घाटों की साफ-सफाई, सजावट एवं श्रद्धालुओं के आने-जाने के रास्तों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ध्यानी यादव ने कहा कि जिला प्रशासन, नगर प्रशासन एवं आमजनों के आपसी सहयोग से नगर परिषद क्षेत्र के लगभग सभी छठ घाट सज-धज कर तैयार हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि छठ पूजा को लेकर नगर परिषद द्वारा चलाए गए विशेष सफाई अभियान का सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है। छठ घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों की साफ-सफाई कर उन्हें श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए सुगम बनाया गया है। उन्होंने इस बेहतर व्यवस्था के लिए नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी तान्या कुमारी, सभी सफाई कर्मचारियों एवं कार्यरत एजेंसी के कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि इनके अथक प्रयास और मेहनत से छठ घाटों पर स्वच्छता एवं बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो सकी है। इसके लिए सभी साधुवाद के पात्र हैं। इस अवसर पर ध्यानी यादव, पूर्व पार्षद सह सामाजिक कार्यकर्ता, अमित कुमार समाजसेवी, राजेन्द्र यादव, नितेश कुमार, टुनटुन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

छठ महापर्व के मद्देनजर ड्यूटी से गायब परवत्ता थानाध्यक्ष हुआ निलंबित

खगड़िया (आससे) । खगड़िया के पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह की अनुशंसा पर बेगूसराय प्रक्षेत्र के डी आई जी ने परवत्ता थाना के थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार को बिना छुट्टी स्वीकृति के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. छठ महापर्व को लेकर परवत्ता थाना क्षेत्र अंतर्गत अगु वानी घाट का निरीक्षण किए जाने के दौरान पुलिस अधीक्षक को गोगरी डी एस पी द्वारा यह बताया गया कि वे तीन दिनों का छुट्टी स्वीकृत होने कि बात बताकर ड्यूटी से अनुपस्थित हैं. जबकि पुलिस अधीक्षक के स्तर से उन्हें किसी प्रकार की छुट्टी स्वीकृत नहीं की गयी थी. यह कार्रवाई उनके अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचरिता एवं वरीय पदाधिकारी के आदेश का उल्लंघन को परिलक्षित करता है।

SHREE GOLDWIN RASHI BHAVISHYA

तारीख – 14-11-2026 के शुभ अंक

TIME	शुभ अंक	TIME	शुभ अंक
09:00	6054	7007	01:45	6090	7060
09:15	6061	7010	02:00	6058	7008
09:30	6069	7011	02:15	6022	7049
09:45	6009	7043	02:30	6080	7065
10:00	6044	7032	02:45	6048	7026
10:15	6025	7059	03:00	6091	7019
10:30	6099	7061	03:15	6029	7064
10:45	6074	7040	03:30	6002	7086
11:00	6077	7030	03:45	6037	7086
11:15	6023	7066	04:00	6040	7047
11:30	6072	7072	04:15	6013	7077
11:45	6074	7038	04:30	6007	7082
12:00	6016	7059	04:45	6089	7029
12:15	6086	7053	05:00	6033	7083
12:30	6014	7036	05:15	6009	7082
12:45	6015	7014	05:30	6036	7069
01:00	6072	7085	05:45	6035	7030
01:15	6021	7090	06:00	6081	7045
01:30	6071	7075			

फोन या WhatsApp ग्रुप पर शुभ अंक जानने के लिए संपर्क करें

ट्रेड इन्कवायरी के लिए संपर्क करें 8450981670

हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें: 022-66677688

7400058032
7400058042
9819026124

WATCH LIVE ON WEBSITE

60 और 70 के शुभ अंक देखने के लिए हमारी वेबसाइट पर भी आप देख सकते हैं।

www.shreerashibhavishya.com
www.goldwinrashi.com

राजा रानी कूपन

DATE :14.11.2026

08:30	RAJARANI PAHLADAW	29
09:00	RAJARANI SUBEHA	30
09:30	RAJARANI KIRAN	73
10:00	RAJARANI HINDUSTANI	78
10:30	RAJARANI PRABHAT	84
11:00	RAJARANI LAJBAB	13
11:30	RAJARANI SAMRAT	85
12:00	RAJARANI DELUX	91
12:30	RAJARANI AFTERNOON	82
01:00	RAJARANI KINGS	35
01:30	RAJARANI ROYAL	92
02:00	RAJARANI MILLENNIUM	46
02:30	RAJARANI HUNDRED	38
03:00	RAJARANI DIAMOND	84
03:30	RAJARANI SONA	51
04:00	RAJARANI EXPRESS	32
04:30	RAJARANI SPECIAL	04
05:00	RAJARANI SANDHYA	57
05:30	RAJARANI CHANDANI	60
06:00	RAJARANI SHAM	31

Contact for Results: 020 24444468
08446006490-08087744446
https://rrreward.com/

MAHARAJA LOTTERY

14.11.2026

Draw Time	Coupon Name	Result
08.30	M-One	38
09.00	M-Two	16
09.30	M-Three	04
10.00	M-Four	53
10.30	M-Six	21
11.00	M-Eight	74
11.30	M-Nine	70
12.00	M-Ten	99
12.30	M-Eleven	90
01.00	M-Twelve	59
01.30	M-Fourteen	37
02.00	M-Fifteen	53
02.30	M-Seventeen	69
03.00	M-Eighteen	68
03.30	M-Nineteen	32
04.00	M-Twenty	78
04.30	M-Twenty-one	16
05.00	Mahajara Twenty	05
05.30	Mahajara Twenty one	97
06.00	Mahajara Twenty	46

Contact Number : 7798391668
www.maharajalottery.com

10 साल से लगातार विश्वास रखने वालों का धन्यवाद

ORIGINAL NAVRATNA YANTRA

14.11.26	नवरत्ना	राजारानी	रॉयल	चेतक
08:30	27	87	34	66
09:00	97	73	11	23
09:30	73	88	92	66
10:00	60	76	33	44
10:30	75	45	43	77
11:00	76	09	02	80
11:30	38	70	88	05
12:00	94	61	96	85
12:30	95	37	81	99
01:00	96	98	30	21
01:30	84	36	43	12
02:00	83	69	93	95
02:30	65	80	58	70
03:00	95	05	33	35
03:30	12	81	42	17
04:00	14	01	60	19
04:30	46	88	21	54
05:00	28	63	21	78
05:30	94	00	99	97
06:00	85	18	55	92
06:30	48	63	48	59

ट्रेड इन्कवायरी के लिए संपर्क करें 9833255244

हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें: 022-66677666

Ph.: 8657216263, 9136183911, 9967910136, 9967793681
Website : navratnayantracoupon.com
Website : goldennavratnacoupon.com

संगम

Date : 14.11.2026

Draw Time	2nd Pr.No.	Draw Time	2nd Pr.No.
09.00 a.m.	50	02.30 p.m.	06
09.30 a.m.	15	03.00 p.m.	22
10.00 a.m.	77	03.30 p.m.	21
10.30 a.m.	40	04.00 p.m.	13
11.00 a.m.	65	04.30 p.m.	03
11.30 a.m.	36	05.00 p.m.	91
12.00 noon	39	05.30 p.m.	22
12.30 a.m.	93	06.00 p.m.	85
01.00 p.m.	92	06.30 p.m.	68
01.30 p.m.	63	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	78	Contact for result :	

011-40451774, 011-40451775

चेतक

09.00 a.m.	04	02.30 p.m.	92
09.30 a.m.	41	03.00 p.m.	09
10.00 a.m.	66	03.30 p.m.	72
10.30 a.m.	29	04.00 p.m.	83
11.00 a.m.	42	04.30 p.m.	18
11.30 a.m.	50	05.00 p.m.	46
12.00 noon	30	05.30 p.m.	27
12.30 a.m.	72	06.00 p.m.	29
01.00 p.m.	17	06.30 p.m.	20
01.30 p.m.	15	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	32	Contact for result :	

011-40451770, 011-40451771, 011-40451772

सुपर

09.00 a.m.	88	02.30 p.m.	40
09.30 a.m.	10	03.00 p.m.	07
10.00 a.m.	92	03.30 p.m.	49
10.30 a.m.	43	04.00 p.m.	01
11.00 a.m.	37	04.30 p.m.	15
11.30 a.m.	95	05.00 p.m.	38
12.00 noon	17	05.30 p.m.	06
12.30 a.m.	07	06.00 p.m.	30
01.00 p.m.	18	06.30 p.m.	89
01.30 p.m.	19	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	82	Contact for result :	

011-4045 1993, 011-4045 1994

www.playindialottery.com
Contact No. : 09 555 999 608

राजारानी कूपन

Name	Time	2nd Pr.No.	Name	Time	2nd Pr.No.
PAHLA DAO	8.30 a.m.	73	MILLENNIUM	2.00 p.m.	35
SUBEHA	9.00 a.m.	52	100	2.30 p.m.	24
KIRAN	9.30 a.m.	97	DIAMOND	3.00 p.m.	55
HINDUSTANI	10.00 a.m.	83	SONA	3.30 p.m.	19
PRABHAT	10.30 a.m.	21	EXPRESS	4.00 p.m.	90
LAJBAB	11.00 a.m.	36	SPECIAL	4.30 p.m.	36
SAMRAT	11.30 a.m.	91	SANDHYA	5.00 p.m.	95
DELUX	12.00 noon	86	CHANDANI	5.30 p.m.	35
AFTERNOON	12.30 a.m.	34	SHAM	6.00 p.m.	48
KING	1.00 p.m.	71	EVENING	6.30 p.m.	83
ROYAL	1.30 p.m.	62	Check result with official site		

Cont. for result : 011-40451995
020-27413666, 020-27414666
www.playrajarani.com

राजश्री

Date : 14.11.2026

Time	Pr. No.	Time	Pr.No.
09.00 a.m.	53	02.00 p.m.	50
09.30 a.m.	34	02.30 p.m.	32
10.00 a.m.	50	03.00 p.m.	97
10.30 a.m.	87	03.30 p.m.	64
11.00 a.m.	02	04.00 p.m.	63
11.30 a.m.	79	04.30 p.m.	22
12.00 noon	38	05.00 p.m.	05
12.30 p.m.	89	05.30 p.m.	73
01.00 p.m.	65	06.00 p.m.	06
01.30 p.m.	11	06.30 p.m.	96

Contact for result :
011-40451992, 020-27416009
www.playrajshree.com

ऑनलाइन कैसीनो खेलिए
www.playindiagame.com
Contact No. : 09555999608